हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 जनवरी 2024

11 एसबीआई के पूर्व मैनेजर ने की धोखाधड़ी अपने ही ...



12 अमर नगर टीबा बस्ती की गली में सीवरेज ...





## खबर संक्षेप

### नहीं रहे फिल्म अभिनेता अनूप तंवर

**भिवानी।** गांव देवसर निवासी फिल्म अभिनेता अनूप तंवर का निधन हो गया, वे 63वर्ष के थे।



तंवर पिछले कई दिनों से बीमार थे, उनका हिसार के अस्पताल में इलाज चल रहा था। बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली। रविवार को उनका पैतृक गांव देवसर में अंतिम संस्कार किया गया। फिल्म अभिनेता अनूप तंवर कई बड़े अभिनेताओं के साथ कई फिल्मों में कार्य किया। मसलन फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र,देवानंद के अलावा अनेक अभनेताओ के कई फिल्मों में काम किया। हरियाणवी फिल्म में भी बतौर अभिनेता काम कर चुके थे।

### श्रीगौड़ परिषद की वार्षिक बैठक 14 को

**नांगल चौधरी।** भगवान परशुराम भवन में 14 जनवरी को श्रीगौड़ परिषद की वार्षिक बैठक का आयोजन होगा। जिसमें समाज की विभिन्न समस्याओं पर मंथन करके समाधान की रूपरेखा बनाई जाएगी। परिषद के प्रवक्ता अंजनी शास्त्री ने बताया कि मिटिंग में भगवान परशुराम भवन में सुविधाएं बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके बाद कमेटी के प्रधान वार्षिक लेखाजोखा प्रस्तुत करेंगे। बैठक संपन्न होने के बाद विप्रजन प्रसाद वितरण करेंगे।

### ट्रॉली चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**नारनौल।** ट्रॉली चोरी के मामले में थाना अटेली पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अक्षय व मुनीम वासी रामचंद्रपुरा थाना मांढण अलवर के रूप में हुई। आरोपितों से पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में पुलिस ने दो आरोपित धर्मेंद्र व संदीप को पहले गिरफ्तार कर लिया था। जिनसे पूछताछ में ट्रॉली बरामद की गई थी। शिकायतकर्ता राहुल वासी गांव महासर ने थाना अटेली में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें उसने बताया था कि उनकी ट्रॉली घर के बाहर खड़ी थी, जो रात के समय में चोरी हो गई। शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ ट्रॉली चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### मंडल डायरेक्टर से मिलेंगे मिड डे-मील वर्कर्स

**नारनौल।** मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी की राज्य इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल 11 जनवरी को डायरेक्टर मौलिक शिक्षा से मुलाकात करेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन की राज्य प्रधान राजबाला देवी, महासचिव कुसुम पांचाल ने बताया कि मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा की मांग है कि प्रदेश की मिड-डे-मील कुक को मुफ्त चिरायु योजना का लाभ दिया जाए, उनसे 1500 रुपये प्रीमियम सालाना न लिया जाए। श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के राज्य नेता रिटायर्ड मुख्य अध्यापक सूबेसिंह प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

## सीएम ने खोला मनोहर योजनाओं का खजाना: सर्राफ

# विधायक सर्राफ ने लोगों के साथ सुनीं मुख्यमंत्री मनोहरलाल के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

रविवार को भारत विकसित संकल्प यात्रा गांव हालुवास पहुंची। गांव में पहुंचने पर विधायक घनश्याम सर्राफ व ग्रामीणों ने भारत विकसित यात्रा का जोरदार स्वागत किया और सरकार की जनहितैषी योजनाओं से लोगों को रूबरू करवाया। इस दौरान गांव के स्कूल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गई। इन स्टॉलों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया। भारत विकसित यात्रा के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह था। इस दौरान विधायक घनश्याम सर्राफ ने ग्रामीणों के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मन की बात तथा उनका संदेश सुना। उन्होंने ग्रामीणों को प्रदेश में सीएम द्वारा लागू की गई योजनाओं के बारे में रुबरू करवाया। अलसुबह ही भारत विकसित संकल्प यात्रा गांव के सरकारी स्कूल में पहुंची। यात्रा के पहुंचने के बाद विधायक सर्राफ ने सीएम मनोहरलाल का संबोधन सुना एवं लोगों को भी सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। करीब दो घंटे तक संकल्प यात्रा गांव में रही और सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया तथा सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आह्वान किया।



**भिवानी।** लोगों के साथ सीएम मनोहरलाल के मन की बात सुनते विधायक सर्राफ।

### सीएम की नीतियों से लोग हुए निहाल

*विधायक सर्राफ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भिवानी के साथ विशेष लगाव है तथा वे भिवानी के चहुंमुखी विकास के लिए आए दिन अनेक कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा कर रहे है तथा उनका बजट भी जारी कर रहे हैं। उनके प्रयासों से भिवानी विकास के मामले में प्रदेश में अव्वल है। शहर की स्वच्छता को चार चांद लगे हैं तथा विकास कार्यों की गंगा बह रही है। इस दौरान उन्होंने सीएम द्वारा घोषित योजनाओं का भी जिक्र किया।*

### महिला का मौके पर बनवाया आयुष्मान कार्ड

*गांव हालुवास में आयोजित कार्यक्रम में एक महिला ने विधायक घनश्याम सर्राफ से आयुष्मान कार्ड बनवाने की गुजारिश की। विधायक घनश्याम ने मौके पर ही महिला को आयुष्मान कार्ड जारी करवा दिया। तत्परता से कार्य होने की वजह से महिला उत्साहित नजर आई तथा विधायक सर्राफ व सरकार का धन्यवाद किया।*


**भिवानी।** स्टॉल का निरीक्षण करते विधायक बिशंबर वाल्मीकि।

## लोगों की समस्याएं निपटाने में कोताही बरती तो होगी सीएम से शिकायत: बिशंबर

**बवानीखेड़ा।** रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव खरककलां में कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विधायक बिशंबर वाल्मिकी ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। विधायक वाल्मीकि ने कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। समस्याओं के समाधान में अनावश्यक रूप से देरी या कोताही बरती तो उनकी शिकायत सीएम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की भलाई के योजनाएं लागू कर रही है। इन योजनाओं लाभ पात्र लोगों को मिलना चाहिए, विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम बड़े ही कारगर साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों को उनके घरद्वार पर ही योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। भारत विकसित यात्रा के दौरान विधायक वाल्मीकि ने लोगों के साथ बैठकर सीएम मनोहरलाल के संदेश को सुना और लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में लगाई गई स्टालों के जरिए 36 बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन बनवाने की प्रक्रिया पूरी करवाई। विधायक ने मौके पर ही लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित करवाए। इस मौके पर सरपंच राजकुमार शर्मा, सरपंच प्रदीप सिंह, सरपंच फूलसिंह सैय, मंडल अध्यक्ष अशोक खलेरा, उमेश भारद्वाज , सीएम विंडो चेयरमैन कमल सिंह, बोका चांग, डॉ. बब्लू, ईश्वर धानक, विनोद मेहरा, प्रधान वेदप्रकाश, उपप्रधान राजबीर सिंह, बीरसिंह, नरसिंह, कंवर सिंह, पूर्व मेंबर राजू सिंह, कैप्टन रोशन सिंह, सुबेदार राजेन्द्र सिंह, धर्मपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।


**भिवानी।** बिधनोई गांव में माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल का स्वागत करते लोग। फोटो :हरिभूमि

## हरियाणा माटी कला बोर्ड के चेयरमैन का किया स्वागत

***बहल।** हरियाणा माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवाल ने क्षेत्र के गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लागू जनहितैषी नीतियों व आधारभूत ढांचे की सुदृढ़ता की बदौलत प्रदेश निरंतर उन्नति एवं विकास की और अग्रसर है। बिधनोई गांव में कटारिया डेयरी फार्म पर लोगों को संबोधित करते हुए चेयरमैन मालवाल ने कहा कि माटी कला बोर्ड छोटे कारीगरों के उत्थान के लिए नई योजनाओं को लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड गांवों में ऐसे कारीगरों को विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण दिलवाएगा व माटी कला को फिर से जीवित कर लोगों को जोड़ा जाएगा। ग्रामीणों ने चेयरमैन का स्वागत किया व उनको अपनी मांगों से अवगत करवाया। इस अवसर पर युवा नेता रविन्द्र कटारिया, रामकिशन श्योराण, चंद्रभान जांगड़ा, जंगवीर, सोमवीर सिंह, जगदीश कटारिया, दिलबाग धानिया, गंगासिंह, शेरसिंह, सतीश लौर, मोहनलाल डाबला, महाबीर धानिया, महाबीर टाक, राकेश श्योराण, धर्मजीत श्योराण, सुरेन्द्र कटारिया, केवल कटारिया, राजबीर सिंह, अमन आदि मौजूद रहे।*



## वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की रीढ़: कृषि मंत्री

**तोशाम।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की रीढ़ हैं, उन्हें मजबूती देना हम सब की जिम्मेदारी हैं, उन्हें वक्त के साथ अधिक सम्मान व देखभाल की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिव्यांग नाम देकर दिव्यांगजन के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। कृषिमंत्री रविवार को अनाज मंडी तोशाम में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अरावली पावर कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड सीएसआर की व्योश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकजनों को सहायक उपकरण वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर खंड तोशाम, बवानीखेड़ा व भिवानी के 388 लाभार्थियों को 46 लाख से अधिक की राशि के 26 सौ से अधिक उपकरण वितरित किए गए। उपायुक्त नरेश नरवाल ने कहा कि 31 मार्च तक देश मे भिवानी पहला जिला होगा, जहां एलिम्को कम्पनी पहुंचकर सौ प्रतिशत जरूरतमंदों को उपकरण उपलब्ध करवाएगी।

# नेत्रहीन विद्यार्थियों ने क्रिकेट, रस्सा कशी और दौड़ में दिखाई प्रतिभा

■ डॉ. लुईस ब्रेल की जयंती पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

बाबा नगर स्थित दृष्टि बाधित दिव्यांग सशक्तिकरण संस्था द्वारा संचालित नेत्रहीन विद्यालय में डॉ. लुईस ब्रेल की 215वीं जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं म्यूजिकल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था की सहयागी डॉ. चंचल धीर ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके की। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने शिरकत की तथा संस्था को 21 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक सर्राफ को संस्था के संस्थापक एवं संचालक लालचंद यादव ने सम्मानित किया। यादव ने बताया कि नेत्रहीन बच्चों की क्रिकेट, रस्सा-कस्सी, दौड़ व संगीत प्रतियोगिता में भिवानी व दिल्ली की टीमों ने भाग लिया और दोनों प्रतियोगिताओं में भिवानी की टीम प्रथम रही। वही दौड़ में भिवानी के संदीप प्रथम व दीपक मेरठ द्वितीय तथा संदीप रोहतक तृतीय स्थान पर रहे। संगीत में गजल, रागिनी व भजन तीनों ही प्रतियोगिताओं में भिवानी की टीम प्रथम स्थान पर रही। खेल समारेह का आयोजन दादरी सती जाबदे कुश्ती अखाड़ा व व्यायामशाला खरक धाम में हुआ।


भिवानी। मुख्यतिथि घनश्यामदास सर्राफ को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

# 800 से ज्यादा महिलाओं को किया सम्मानित

■ मातृशक्ति का विश्वास ही मेरे लिए जीत का आशीर्वाद : रतेरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

परिवर्तन मंच द्वारा महिलाओं के सम्मान की कड़ी में रविवार को गांव कलिंगा के प्रसिद्ध माता मंदिर प्रांगण में आयोजित महिला सम्मान समारोह में 800 से ज्यादा महिलाओं को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता समाजसेविका एवं पूर्व जिला पार्षद रविता सतबीर रतेरा ने की, जिसमें हलका बवानीखेड़ा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मास्टर सतबीर रतेरा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। समारोह की शुरूआत माता रानी के चरणों में नमन करके की गई। तत्पश्चात समारोह में पहुंची महिलाओं को रानी लक्ष्मीबाई का चित्र एवं गर्म कंबल भेंट करके सम्मानित किया गया। मास्टर सतबीर ने कहा कि मातृशक्ति ने सिर्फ एक आवाज पर उपस्थित होकर जो विश्वास मुझ पर जताया है, यकीन मानिए ये विश्वास ही मेरे लिए जीत का आशीर्वाद है, आपका ये कर्ज मैं जीवन पर्यन्त याद रखूंगा और जब भी मेरी माताओं-बहनों को उनकी जरूरत होगी, उनका ये बेटा, ये भाई उनकी सेवा में हमेशा तैयार मिलेगा। मास्टर रतेरा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकार, प्रतिनिधित्व, सशक्तिकरण और समानता सुनिश्चित करने के संघर्ष में कांग्रेस पार्टी हमेशा अग्रिम पंक्ति में रही है और उनके उत्थान के लिए कांग्रेस की दृढ़ इच्छाशक्ति कभी कम नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में महिलाओं के रोजगार, सुरक्षा और महंगाई से निजात दिलाने वाली अनेक योजनाओं को लागू किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व सरपंच ओमसिंह, धर्मपाल कलिंगा, विष्णु फौजी, कालू परमार फौजी, धर्मबीर दहिया, जसवंत घणघस धनाना, बंसी घणघस धनाना, भूपसिंह जाटू लुहारी, पूर्व बीडीसी जयपाल जांगड़ा, अनूप बडेसरा आदि मौजूद रहे।


**भिवानी।** महिलाओं को सम्मानित करते परिवर्तन मंच के संरक्षक मास्टर सतबीर रतेरा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# भारत के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं: दलाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भारत के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं हैं, भारत के युवा आज पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो समाज अपने बच्चों को प्रोत्साहन देता है, वह समाज कभी पीछे नहीं रह सकता। कृषिमंत्री दलाल रविवार को गांव मिलकपुर में ग्राम विकास युवा मंडल के तत्वावधान में गांव के होनहार बच्चों के सम्मान में आयोजित समारोह को बतौर मुख्यतिथि संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री ने कार्यक्रम में गांव के कक्षा 6 से 12 तक के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कृषिमंत्री ने युवा मंडल को दो लाख रुपये की सहायता राशि देने को घोषणा की। उन्होंने कहा गांव के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। समारोह में ग्राम पंचायत की तरफ से आनंद यादव से मांगपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने गांव में गंदे पानी की निकासी का स्थायी प्रबंध, मिलकपुर से ओरंग नगर तक सड़क का निर्माण, पशु अस्पताल का नया भवन और पशु चिकित्सक की नियुक्ति, जोहड़ की रिटनिंग वाल बनवाने आदि मांग रखी, जिसे कृषिमंत्री ने सीएम मनोहर लाल से मिलकर हरसंभव पूरा करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कृषिमंत्री ने गांव के सबसे बुजुर्ग रामनारायण और सबसे बुजुर्ग महिला चमेली देवी को सम्मानित किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समारोह में गांव की तरफ से कृषि मंत्री को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सरपंच भीमसिंह, युवा मंडल के प्रधान राजेश यादव, शंकर धुपड़, रोहतास चौहान, वीरसिंह, जितेंद्र यादव, मास्टर राजेंद्र यादव, डॉ. धर्मपाल यादव, शिशुपाल, सुरेश ओड, डॉ. वीके बिश्नोई, सूबेदार रोहतास, कुलदीप नंबरदार, प्रेम सिंह, सीताराम, यश शर्मा आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** बुजुर्ग को सम्मानित करते कृषि मंत्री जेपी दलाल व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# राजकीय अतिथि अध्यापक मंच की जिला कार्यकारणी की हुई मीटिंग

■ गत 31 दिसंबर को जगधारी में अतिथि अध्यापकों पर हुई लाठीचार्ज की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

तोशाम में राजकीय अतिथि अध्यापक मंच की जिला कार्यकारणी की मीटिंग प्रदेश संगठन सचिव शमशेर सिंह की अध्यक्षता हुई, जिसमे सबसे पहले गत 31 दिसंबर को जगधारी में अतिथि अध्यापकों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की गई और लाठीचार्ज में बुरी तरह घायल अतिथि अध्यापक मंच के प्रधान राजेंद्र शास्त्री के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। इसके बाद संगठन सचिव ने बताया कि पिछले 9 सितंबर से करनाल में लगातार क्रमिक अनशन जारी है। अब 10 जनवरी को प्रदेश स्तरीय रैली की जा रही है। मौके पर जिला प्रधान विजय सिंह, महिला जिला प्रधान निर्मला घनघस, संजय तोशाम, कैरू ब्लॉक प्रधान कृष्ण गोलपुरा, तोशाम ब्लॉक प्रधान कृष्ण जांगड़ा आदि मौजूद रहे।


**तोशाम।** राजकीय अतिथि अध्यापक मंच की जिला कार्यकारणी की मीटिंग में उपस्थित सदस्य।

# भाजपा-जजपा के दिन लदे : रणसिंह

■ किसान नेता राजू मान ने कहा युवाओं को चाहिए स्थायी रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह का माहौल देखने को मिल रहा है उसको देखकर साफ झलकता है कि जनता मोदी सरकार के साथ भाजपा- जजपा गठबंधन को विदा करने का मन बना चुकी है। मान रविवार को हड़ौदा कलां गांव में किसान कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में जुटे ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की स्कीमें जी का जंजाल बन बन गई हैं। लोग हर रोज थैला उठाए अपनी प्रॉपर्टी आईडी, फैमिली आईडी, आधार कार्ड का नवीनीकरण कराने के लिए सरल केंद्र पर धक्के खाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि एडवांस सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर जनता की जेब ढीली की जा रही है। किसान नेता राजू मान ने भी अपने विचार रखे। कांग्रेस दिग्गज राहुल गांधी किसान, मजदूर, युवा, छोटे दुकानदारों की आवाज उठाने के लिए 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। जिसका व्यापक असर होगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच जयप्रकाश शर्मा, पूर्व सरपंच विजय , शेर सिंह, राजकुमार श्योराण, रामावतार जांगड़ा, हवासिंह श्योराण, छत्रसिंह श्योराण, इंद्रसिंह, संजय चाहर, संजू श्योराण, रवींद्र श्योराण, अजीत चाहर, नरेंद्र श्योराण, सुखबीर, दलबीर मास्टर, मुंशी, चंद्रसिंह, सुरेश, अशोक डाबला, गुणपाल, रामकुमार, सोमबीर, बजरंग, अजय चाहर, धर्मेंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


**चरखी दादरी।** हड़ौदाकलां में किसान कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में पूर्व सीपीएस रणसिंह मान। फोटो :हरिभूमि

**नारी सशक्तिकरण** शिक्षा की जला रही लौ, जिले को शिक्षा क्षेत्र में ऊंचाइयों तक ले जाने में जुटी

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी नागर

दीपक कुमार डुमड़ा ▸▸| बवानीखेड़ा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागर किसी परिचय की मोहताज नहीं है, उन्होंने अपने जीवन की शुरुआत शिक्षिका के तौर पर की। इसके बाद उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए शिक्षा विभाग में ही बवानीखेड़ा में बतौर खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी नियुक्ति पाई।

इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी, डिप्टी डीईओ, डीईओ और अब भिवानी में बतौर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शिक्षा के क्षेत्र में ओर बेहतर करने के प्रयास में जुटी हुई हैं, उनका प्रयास हैं कि वे शिक्षा, शिक्षक व शिक्षण में बेहतर कार्य कर जिले को ऊंचाइयों पर लेकर जाए। डीईईओ नागर ने अपनी योग्यता एवं मेहनत के बलबूते पर ये सब करके नारी शक्तिकरण की मिशाल पेश की हैं, कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, बल्कि आगे हैं। इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में अपनी अनूठी छाप स्थापित की है। अगर बात की जाए तो बवानीखेड़ा से खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी से पदोन्नति पश्चात हांसी के खंड में जाने पश्चात फिर से बवानीखेड़ा में बीईओ की कमान संभाली। इसके बाद डिप्टी डीईओ पदोन्नति पाकर जिला चरखी दादरी में सेवाएं देते हुए भिवानी में इसी पद पर आसीन हुई और साथ में डीपीसी का पद भी संभाला। तत्पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नति पाकर हिसार में कार्य किया। नागर ने हिसार में भी शिक्षा की लौ को बुलंदियों तक पहुंचाने का कार्य किया और नारी सशक्तिकरण की मिसाल पेश की।


**भिवानी।** सम्मानित होने पर तत्कालीन एसडीएम सतीश कुमार के साथ संतोष नागर।

### मैट से लेकर सैट तक अच्छी पकड़

*कहते हैं यदि मुखिया अच्छा हो तो टीम अच्छी बनती है, उसी प्रकार से विद्यालयों में मंथली असेस्मेंट टेस्ट (मैट), स्टूडेंट असेसमेंट टेस्ट (सैट) की परीक्षा में खंड के विद्यालयों के विद्यार्थी की मजबूत पकड़ बनवाई और बवानीखेड़ा में बीईओ रहते वर्ष 2019 में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 12वीं के परीक्षा परिणाम में गांव पुर के दीपक ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसका श्रेय खंड शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागर को ही गया।*

### जिला स्तर पर बनाई हटकर पकड़

*जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व डीपीसी का कार्यभार संभाल रही नागर अपनी काबिलियत और स्टाफ से काम करवाकर जिले को ऊंचाइयों तक ले जाने में अग्रसर है। जिला स्तर पर कार्यक्रमों में इनकी भूमिका अग्रणीय रहती है। इनके कार्य को लेकर हर कोई इनका मुरीद है और इनके पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करता है। नागर का कहना हैं कि ऐसा कोई मुकाम नहीं जिसे मेहनत से हासिल न किया जा सके, इसलिए अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान बनो।*

## खबर संक्षेप

### कार्यककर्ता होते हैं पार्टी की रीढ़ : डॉ. अजय



**तोशाम।** कार्यकर्ता किसी भी राजनीतिक दल की रीड होते हैं और पार्टी की रीड जितनी मजबूत होगी सत्ता की चौखट पर उतनी ही नजदीक होगी, उक्त शब्द जननायक जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण वर्मा के सुंगरपुर स्थित सपना पेट्रोल पंप पर कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श करते हुए जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहे। उन्होंने एक बूथ 10 यूथ व एक बूथ एक सखी के तहत पार्टी को मजबूत करने पर मंथन किया।



### अक्षत बांटकर दिया श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण

**लोहारू।** जैसे जैसे 22 जनवरी का समय नजदीक आ रहा है वैसे वैसे लोहारू में राममय माहौल बनता जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में लगे लोग टोलिया बनाकर शहर में घर घर जाकर निमंत्रण अक्षत बांट रहे है और 22 जनवरी के रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता दे रहे हैं। कमलेश भोडूका, जितेंद्र जिंदल, जगदीश जयलवाल, संजय वर्मा आदि कार्य ने बताया कि सदियों बाद अयोध्या के श्री राम मंदिर में रामलीला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठति की जा रही है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे देश के लोगों में काफी उत्साह है।

### सूबेसिंह के पिता इंद्राज के निधन पर जताया शोक

**बहल।** बहल भाजपा मंडल के पूर्व प्रधान सूबेसिंह लाखलाण के पिता इंद्राज लाखलाण के निधन पर राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने गहरा शोक जताया है। इंद्राज का वीरवार को 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया था, वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे समाज सेवा के कार्यों में हमेशा आगे रहते थे। उनके निधन पर कृषि मंत्री जेपी दलाल, जिला परिषद सदस्य रविन्द्र मंढोली, विरेन्द्र लांबा, भाजपा मंडल प्रधान विजय सिरसी, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, पूर्व सरपंच सतपाल सुधीवास, सुनील सिरसी, अजय बिधनोई, शैली मंढ़ोली, सुनील इंजीनियर , पूर्व मंडल महामंत्री रामवतार बंसल, जयनारायण, सूबेदार शिवनारायण, डॉ. दिलबाग सुरपुरा आदि ने शोक जताया।

### बंटवारे को लेकर हमला करने पर मामला दर्ज

**बवानीखेड़ा।** जमीन मामले को लेकर हमला करने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस में दी शिकायत में रतेरा निवासी विनोद ने बताया कि 20 दिसंबर को हनुमान कॉलोनी हांसी निवासी पूजा से शादी की थी और 3 जनवरी को सुबह वह पत्नी पूजा के साथ घर पर मौजूद था। मैंने अपने बड़े भाई कुलदीप को घर व जमीन के बंटवारे को लेकर कहा तो कुलदीप मुझसे गाली गलोच करने लगा और हाथ में लिए हुए लाठी से मेरे हाथ की उंगलियों व कमर पर वार किए।

# रंगमंच के कलाकार रोहित कौशिक को इंडिया स्पोर्ट्स संघ ने किया सम्मानित, श्रीमद्भगवद् गीता की प्रति भेंट की, 95 घंटे की प्रस्तुति दी

### एकल नाट्य प्रस्तुति में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा चुके कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी निवासी 38 वर्षीय रोहित कौशिक भारतीय फिल्म उद्योग मुंबई के सक्रिय सदस्य है, जो बीस सालों से रंगमंच कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कई बार पुरस्कार जीत चुके है और लगभग तीन हजार से अधिक मंचीय प्रस्तुति दे चुके है। सामाजिक एवं श्रीसनातन को विषय बनाकर नाटक प्रस्तुत करते रहते हैं। तीन साल तक नाट्य प्रशिक्षक के तौर पर कार्यरत रहने के पश्चात रोहित कौशिक मुंबई भारतीय फिल्म उद्योग से जुड़ गए, वहां लगातार कार्यरत रहने क साथ साथ रंगमंच में लगातार सक्रिय रहे, उक्त शब्द इंडिया स्पोर्ट्स संघ राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रीतिक वधवा ने कही। रविवार को भिवानी अपने कार्यालय पहुंचने पर रोहित कौशिक को श्रीमद्भगवद् गीता की प्रति भेंटकर सम्मानित किया। वधवा ने बताया कि रोहित कौशिक हरियाणा की नाट्य कला को सक्रिय करने के प्रयास किए और नाटकों की सक्रिय भागीदारी समाज को देने का प्रयास कर रहे है।

#### अमेरिका का तोड़ा रिकॉर्ड

रोहित कौशिक के /"रक्तरंजित मयूरपंख/" नाटक के मंचन की समय अवधि 95 घंटे की रही, जो अमेरिका में किए गए किसी ग्रुप की 76 घंटे की प्रस्तुति से अधिक थी। विशेष बात ये है कि अमेरिका की प्रस्तुति 20 से अधिक कलाकारों द्वारा मंचित की गई और हिन्दुस्तान में केवल एक कलाकार ने ही प्रस्तुति का इतना बड़ा मंचन किया। ये प्रस्तुति उन्होंने देश को समर्पित की और आम जनमानस को आकर्षित करने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया। वर्तमान में रोहित श्रीमद्भगवद् गीता के व्यवहारिक ज्ञान एवं आवश्यकता के विषय में कार्यशाला, ध्यान योग और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र पर गंभीर कार्य कर रहे हैं।



भिवानी। कलाकार रोहित कौशिक को श्रीमद् भगवत गीता भेंट करते इंडिया स्पोर्ट्स संघ राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रीतिक वधवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### विश्व की सबसे लम्बी एकल नाट्य प्रस्तुति

इसी प्रयास में 7 से 8 मार्च 2009 में फतेहबाद में 24 घंटे 7 मिनट की एकल नाट्य प्रस्तुति देकर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया, ये प्रस्तुति छठा पांडव नाम से और महाभारत के चरित्र कर्ण के जीवन पर आधारित थी। वधवा ने बताया कि 25 दिसंबर 2018 को विश्व की सबसे लम्बी एकल नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया, जो रक्तरंजित मयूरपंख नाम से मंचित की गई, ये प्रस्तुति भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित थी। इस अवसर पर रमेश चौधरी, संदीप यादव, कुलदीप नेहरा आदि मौजूद रहे।

### ब्याज समेत पैसे वापस लेने को लेकर अन्नदाताओं का धरना जारी

# एसबीआई के पूर्व मैनेजर ने की धोखाधड़ी अपने ही पैसे के लिए किसान हैं परेशान



भिवानी। कुंगड़ स्थित एसबीआई शाखा के बाहर धरने के दौरान नारेबाजी करते अन्नदाता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/बवानीखेड़ा

एसबीआई के पूर्व मैनेजर द्वारा अन्नदाताओं के साथ धोखाधड़ी कर उनके रुपये हड़पने पर किसान अपने की रुपये वापस लेने के लिए धरनारत हैं। धोखाधड़ी की मार झेलने के बाद अपने रुपये ब्याज सहित वापस लेने की मांग को लेकर गांव कुंगड़ स्थित एसबीआई के समक्ष किसानों का धरना रविवार को 5वें दिन भी जारी रहा।

धरने की अध्यक्षता नफेसिंह गोयत ने की। धरनारत्त किसानों को

■ **अन्नदाताओं के साथ न्याय होने तक जारी रहेगा संघर्ष : जोगेंद्र**

संबोधित करते हुए अधिवक्ता शिवकुमार चांगिया व ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कहा कि भाजपा सरकार जीरो टोलरेंस का दावा करती है, वहीं भाजपा शासन में सैंकड़ों किसान करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई हैं। धोखाधड़ी का शिकार हुए किसानों द्वारा मामला उजागर किए जाने के बावजूद भी किसानों का भुगतान नहीं किया जा रहा, जिसके चलते किसानों में रोष है। किसानों ने कहा कि अब वे मन बना चुके है कि जब तक उन्हें उनके रुपये ब्याज समेत वापस नहीं मिलेंगे धरने से नहीं उठेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों ने अपनी सुविधा के लिए बैंक में खाते खुलवाए थे, लेकिन बैंक के अधिकारी ने भोले-भाले किसानों के साथ धोखाधड़ी कर सभी नियमों की धज्जियां उड़ाने का काम किया है, पहले से ही घाटे की मार झेलने के बावजूद भी देश की जनता का पेट भरने वाले अन्नदाताओं से धोखाधड़ी से उनके खातों से रुपये निकाल लिए, जिसके बाद अब बैंक द्वारा किसानों को रुपये जमा करवाने के नोटिस थमा रहा है, जिसके विरोध में किसान धरनारत्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक किसानों को उनके रुपये ब्याज सहित वापस नहीं मिल जाते, उनका संघर्ष यू ही जारी रहेगा। इस अवसर पर धर्मपाल, मेहताब, राजा, बदलबा, रणधीर धानरक, सुल्तान जांगड़ा, कामरेड राजेश, वेदप्रकाश, कामरेड खेड़ी, चंद्रभान आदि मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर 11 को दहाड़ेंगे 4200 कंप्यूटर लैब सहायक और शिक्षक



**भिवानी।** प्रदेशभर के कंप्यूटर लैब सहायक व टीचर अपनीर विभिन्न मांगों को लेकर संघर्षरत्त है, लेकिन सरकार लगातार इनकी मांगों की अनदेखी कर उनके हितों से खिलवाड़ कर रही है। सरकार की कार्यप्रणाली के विरोध में अब कम्प्यूटर लैब सहायकों ने संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है तथा 11 जनवरी को मुख्यमंत्री के गृह जिला करनाल में आक्रोश प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का आह्वान किया है। आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर रविवार को कंप्यूटर लैब सहायक वेलफेयर एवं कंप्यूटर टीचर वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय मीटिंग कंप्यूटर लैब सहायक के राज्य प्रधान कर्मजीत संधु एवं कंप्यूटर टीचर प्रधान बलराम धीमान की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग को संबोधित करते हुए वेलफेयर के प्रदेश प्रवक्ता प्रेमजीत संडवा ने कहा कि कंप्यूटर लैब सहायक व अध्यापक प्रदेशभर के विभिन्न स्कूलों में पिछले 10-12 वर्षो से कार्यरत्त है, लेकिन इनका वेतन मात्र 12 से 18 हजार रुपये है, जो ऊंच के मुंह में जीरे के समान है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के करीबन 4200 कंप्यूटर लैब सहायक एवं कंप्यूटर टीचर की वेतन वृद्धि की फाइल पर अधिकारी बार-बार ऑब्जेक्सन लगा रहे है, जिसके चलते उनमें खासा रोष है। उन्होंने कहा कि अभी सरकारी स्कूलों में 15 जनवरी तक सर्दी की छुट्टियां है, इन 15 दिनों का वेतन भी शिक्षा विभाग द्वारा काटा जाता है, ऐसे में उनकी मांग है कि कंप्यूटर लैब सहायकों एवं टीचरों का गर्मी व सर्दी में होने वाली छुट्टियों का वेतन न काटा जाए। इसके अलावा वेतन में सम्मानजनक वृद्धि की जाए, ताकि वे अपने परिवार का गुजारा चल सके। इस अवसर पर जसबीर, मनोज अग्रवाल, विक्रांत, नवीन भिवानी, संदीप शर्म आदि मौजूद रहे।

### नया बाजार के प्रधान विनोद शर्मा के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** व्यापार मंडल के प्रधान जेपी कौशिक ने नया बाजार के प्रधान विनोद शर्मा के निधन पर उनके निवास स्थान पर जाकर शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि विनोद शांत स्वभाव व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे, उनके देहांत से जो क्षति पहुंची है, उसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता है। उनके निधन पर प्रधान उमेश शर्मा, अनिल जैन, संदीप शर्मा, विजय शर्मा, फैंसी चौक प्रधान अंकित तंवर, रोहतक गेट प्रधान विकास शांडिल्य, दादरी गेट प्रधान राजकुमार, सुरेंद्र कामरा आदि ने शोक जताया।

### शिविर में जांचा 400 से अधिक का स्वास्थ्य

**भिवानी।** रोटरी क्लब भिवानी डाऊनटाऊन द्वारा रविवार को बीटीएम वर्कर कॉलोनी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जीबीटीएल के यूनिट हैड अरूल प्रगाशम ने किया। शिविर में डॉ. प्रेम चराया, डॉ. राज मेहता, डॉ. केएम गोयल, डॉ. कपिल शर्मा, धीर आंखों के अस्पताल की टीम, न्यूकल्यस अस्पताल से डॉ. अनंत बासोतिया, डॉ. नीरज शर्मा व डॉ. प्रवीण ने अपनी सेवाएं दी तथा 400 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाईयां एवं सलाह दी गई। शिविर के आयोजन में कौशल तंवर, अजय दहिया व प्रवीण का सराहनीय सहयोग रहा। रोटरी क्लब भिवानी डाऊनटाऊन द्वारा लगाए शिविर में रोटेरियन पंकज ग्रोवर, दिनेश कश्यप, सुषमा दीक्षित, सुनील, योगेश मेहता, पुनीत अत्री, अशोक आदि उपस्थित रहे।

## कृषिमंत्री ने ओड और कार्यकर्ताओं की जमकर सराहना की



**बवानीखेड़ा।** रविवार को नागरिक अस्पताल के सामने प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल का भाजपा नेता सुरेश ओड के नेतृत्व में अभिनंदन स्वागत किया गया। कृषि मंत्री मिलकपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे थे। इस दौरान उनका कस्बें में पधारने पर भाजपा वरिष्ठ नेता सुरेश ओड, प्रेम ओड, धर्मेंद्र बल्हारा, एडवोकेट अक्षय बल्हारा, संजय कदावला, संजय कौशिक, विष्णु ओड, सतपाल ओड व सोम मितल आदि ने गुलाब के फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कृषिमंत्री दलाल ने सुरेश ओड व कार्यकर्ताओं की जमकर सराहना की तथा कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं, इनके बिना पार्टी की कल्पना नहीं की जा सकती।

## डॉ. किरण का किया अभिनंदन

हरिभमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

रविवार को भाजपा की नवनियुक्त जिलाध्यक्षा डा. किरण कलकल ने पदभार ग्रहण किया। पार्टी नेताओं व वर्करों ने माला पहनाते हुए गुलदस्ता भेंट कर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत व उनका सम्मान किया और स्वागत किया। जिलाध्यक्षा डॉ. किरण ने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे-छोटे कार्यकर्ता को भी बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, इस पार्टी में जो कार्यकर्ता मन लगाकर काम करता है, उसे पार्टी अवश्य ही बड़े पद पर आसीन करती है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को आगे बढाने तथा मजबूत करने का काम करूंगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीद्वारों को जिले से विजयी कर केंद्र व प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार बनाने का काम हम सब कार्यकर्ता मिलकर करेंगे। उन्होंने सभी मान सम्मान के लिए सभी कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद करते हुए नियुक्ति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी सहित सभी वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारी का उन्होंने आभार व धन्यवाद किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने भ्रष्टाचार खत्म करने का जो संकल्प लिया है उसी तर्ज पर दादरी जिले में भी भ्रष्टाचार को पनपने नहीं दिया जाएगा।



चरखीदादरी। डॉ किरण कलकल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## ऑल हरियाणा दिव्यांग अधिकार संघर्ष समिति की बैठक संपन्न



**लोहारू।** ऑल हरियाणा दिव्यांग अधिकार संघर्ष समिति की बैठक रविवार को लाल बहादुर शास्त्री पार्क लोहारू में आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता शकुंतला खरखड़ी और महिला विंग प्रधान सरोज बुडेडा ने की।और मंच का संचालन संगठन संरक्षक चन्दन सिंह लोहारू और अंकित खोरड़ा ने किया। शकुंतला खरखड़ी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार दिव्यांगो के साथ अन्याय कर रही हैं, दिव्यांगों के अधिकारो को दबा रही है, जो किसी भी सूरत में सहन नही किया जाएगा। दिव्यांग समाज पिछले एक वर्ष से भिवानी उपायुक्त कार्यालय के सामने अपने मांगो को लेकर धरने पर बैठा है। सरकार दिव्यांगों की मांगो को पूरा नही किया है। दिव्यांगजन ने बार अपनी मांगों का ज्ञापन केन्द्र व प्रदेश सरकार, राष्ट्रपति व राज्यपाल को दे चुका है। बैठक में संगठन प्रधान सतीश, नरेश हुड्डा, कपिल शर्मा, अनवर हुसैन, अजय , माडू खान, विजय, परमानंद, ब्रम्हानंद, नरेश खरखड़ी, रामचंद्र नांगल, सुभाष चन्द्र गिगनाऊ, आदि दिव्यांगजन मौजूद रहे।

### बजंरग बली का नाम जपने मात्र से दूर होते कष्टः डॉ. अशोक

# जहरगिरी आश्रम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महाबीर मंडल द्वारा हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में 2166वां सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आश्रम के पीठाधीश्वर अंतरराष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा डॉ. अशोक गिरी महाराज का सान्निध्य रहा। सुंदरकांड पाठ का वाचन कथावाचक नरेश मनीरामका ने किया। इस मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ का श्रवण किया। इस मौके पर कलाकारों ने बजरंग बली, लड्डू गोपाल, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व



भिवानी। सुंदर कांड पाठ के दौरान झांकी प्रस्तुत करते कलाकार।

■ **सुंदरकांड सुनने से मनुष्य के आत्मिक व भौतिक ज्ञान का होता विकास : कथावाचक**

सीता की वेशभूषा पहनकर मनमोहक एवं आकर्षक झांकियों का मंचन किया, जिनकी श्रद्धालुओं ने काफी प्रशंसा की। डॉ. अशोक गिरी महाराज ने कहा कि संकट मोचन बजंरग बली का नाम जपने मात्र से जीवन की सभी विपदाएं एवं कष्ट दूर हो जाते है, ऐसे में सुंदरकांड पाठ का श्रवण करना मानव जीवन को पार करता है, जिस प्रकार से बजरंग बली से प्रेम के वशीभूत होकर भगवान श्रीराम व माता सीता को मिलाने का कार्य किया था, ठीक उसी प्रकार श्रद्धालु बजरंग बली का सुमिरन करता है, वे उनके जीवन के सभी कष्ट हरकर उनके जीवन को अपार सुख एवं खुशहाली भरने का काम करते है। कथावाचक नरेश मनीरामका ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने से मनुष्य भवसागर से तर जाता है, जिसके बाद उन्हें किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। सुंदर कांड सुनने से मनुष्य के आत्मिक व भौतिक ज्ञान का विकास होता है, ऐसे में प्रत्येक जन को अपनी दिनचर्या का कुछ समय भगवान की भक्ति में लगाना चाहिए, ताकि उसके जीवन से नकारात्मकता दूर रहे। इस अवसर पर मनोज गोयल, अधिवक्ता राजीव, पीयूष आदि मौजूद रहे।

## वामपंथी पार्टियों की 10 को जिलास्तर पर कन्वेंशन, 25 फरवरी को जींद में रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देश में विनाशकारी आर्थिक नीतियों के बदलने, जनहित वैकल्पिक आर्थिक नीतियां लागू करवाने वास्ते वामपंथी पार्टियां सीपीएम सीपीआई जनजागरण अभियान चला रही हैं और इसी कड़ी में 10 जनवरी को नया बाजार जांगड़ा धर्मशाला में प्रातः 11 बजे जिलास्तर की दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं व हमदर्दो की एक कन्वेंशन होगी।

इसके बाद 25 फरवरी को जींद में संयुक्त रैली होगी। कन्वेंशन में सीपीएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड इन्द्रजीत सिंह व सीपीआई के राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप मुख्य वक्ता होंगे। सीपीएम के जिला सचिव

■ **रोजगारपरक व मंहगाई कम करने वाली वैकल्पिक आर्थिक नीतियां लागू की जाए : कामरेड**

कामरेड ओमप्रकाश व सीपीआई के जिला संयोजक कामरेड फूलसिंह इन्दोरा ने कहा कि भाजपा व उसके सहयोगियों की आर्थिक नीतियों ने देश तबाह कर दिया है। भंयकर बेरोजगारी, कृषि संकट, बढ़ती मंहगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था, व्यवस्थागत भ्रष्टाचार, आय व संपति में भंयकर असमानता व गैर बराबरी ने युवाओं, किसानों, गरीबों एवं महिलाओं का जीवन कष्टमय और दूभर कर दिया है। देश के सभी संसाधनों को जनता के हाथों से छीनकर चहेते पूंजिपतियों (कारपोरेट) के हवाले किया जा रहा हैं। देश के प्रधानमन्त्री व उसके सहयोगी रात दिन विकसित भारत संकल्प यात्रा करके दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने, गरीबों को मुफ्त गैस मुहैया करवाने, आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे हैं।

#### सूचना

मैं, दलीप सिंह पुत्र महाबीर सिंह निवासी बवानी खेड़ा, तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सागर मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### प्राचीन शिव मंदिर में श्रीराम कथा 10 से

**बवानीखेड़ा।** गांव लोहारी जाटू के चौहान पाना में प्राचीन शिव मंदिर में अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्रीराम कथा का आयोजन करवाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ एक जनवरी को हुआ तथा समापन 10 जनवरी को होगा, जिसपर प्रसाद वितरण किया जाएगा। भक्त सुरेश ने बताया कि कार्यक्रम गांव के बाबा जगन्नाथ धाम के महंत प्रदीप गिरी महाराज के सानिध्य में करवाया जा रहा है।

### सर्वजातीय मिलन समारोह 14 को

**भिवानी।** आगामी 14 जनवरी रविवार को सुबह सवा दस बजे पुराना बस स्टैंड स्थित कमला भवन में सर्वजातीय मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी राजु नांगलिया ने बताया कि समारोह में आसपास क्षेत्र से राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी पहुंचेंगे तथा विचार विमर्श करेंगे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ढाणी बीरण पहुंची

**तोशाम।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा रविवार को गांव ढाणी बीरण में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने कहा कि यात्रा का मुख्य मकसद आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाकर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। पूर्व विधायक ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को मकान मुहैया करवाए जा रहे हैं। इस मौके पर भाजपा किसान प्रकोष्ठ के जिला प्रधान कुलदीप पायल, राजेन्द्र गांधी, सरपंच कविता, सरपंच प्रतिनिधि राजबीर, रामपाल, रामकिशन आदि मौजूद रहे।

# अमर नगर टीबा बस्ती की गली में सीवरेज ओवरफ्लो, लोग परेशान

## बार बार पार्षद, व नप प्रशासन व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को दे चुके शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हनुमान ढ़ाणी और अमर नगर टीबा बस्ती के मध्य स्थित गली नंबर तीन में सीवर के मैनहॉल ओवरफ्लो होने के कारण गलियों में गंदा पानी जमा हो गया हैं। करीब दो माह से सीवरेज के ओवरफ्लो होने व कीचड़ के कारण आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो चुका हैं। आएदिन कभी दूधवाला तो कभी बच्चें व महिलाओं गंदें पानी में गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

### लोग दो महीने से परेशान

उल्लेखनीय हैं कि हनुमान ढाणी व अमर नगर टीबा बस्ती की गलियों में करीब दो माह से सीवरेज के मैनहॉल ओवरफ्लो हो रहे है और गंदा पानी गलियों में जमा हो गया हैं। क्षेत्र में गंदा पानी जमा होने की वजह से लोगों का आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हैं। बच्चे, बूढ़े व महिलाओं गलियों में निकलने से डरते हैं। इसके अलावा गली में इधर से उधर कहीं जाने पड़े तो ईंटों के ऊपर पैर रखकर जाना पड़ता हैं, इस दौरान अगर संतुलन बिगड़ा तो गंदगी से लथपथ होने का भय रहता हैं। क्षेत्रवासी सरोज, कमला, सुनीता, कमलेश, संतोष, रामभतेरी, अंजू शर्मा, इंदू शर्मा, उषा, अंजू भारद्वाज, काली देवी, मनीता, श्रीभगवान, नवीन, पूनम व पूजा आदि ने कहा कि जल्द से जल्द प्रशासन ने इस समस्या का समाधान नहीं किया तो मजबूरन क्षेत्रवासियों को रोड पर आना पड़ेगा, इसलिए प्रशासन क्षेत्रवासियों के सब्र का इम्तिहान न लें।



### आए दिन दूधवाले बाइक से गिर रहे

क्षेत्रवासी नवीन ने बातया कि आएदिन कोई न कोई बुजुर्ग व बच्चा गंदे पानी में गिरता हैं और कपड़े खराब होने के साथ साथ चोटिल भी होता हैं। इसके अलावा कई दूधवाले भी गिर चुके है, जिनका काफी नुकसान भी हुआ हैं। अब तो दूधवाले भी यहां से निकलने से कतराने लगे हैं। उन्होंने नप प्रशासन, पार्षद व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से समाधान की गुहार की हैं।



### बीमारियों के फैलने का सता रहा भय

सुनीता व कमलेश ने बताया कि गलियों में गंदा पानी जमा होने से क्षेत्र में बीमारियां फैल रही हैं। हर घर में कोई बच्चा, महिला व बुजुर्ग बीमार होने लगा हैं। कई बार विभागों में शिकायत करने पर भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा, जिसकारण क्षेत्र में डेंगू व मलेरिया के फैलने का भय सता रहा हैं। उन्होंने विभाग से जल्द से जल्द समाधान की मांग की हैं, ताकि क्षेत्रवासी आराम से अपना जीवनयापन कर सके।



**भिवानी।** विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

# स्वयसेवकों को दिलवाई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में एनएसएस प्रभारी कविता तंवर के निर्देशन में चल रहे सात दिवसीय शिविर का आज बेहतरीन अंदाज में समापन किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि हरियाणा शिक्षा बोर्ड की सेक्रेटरी ज्योति मित्तल ने शिरकत की। हमारी सनातन संस्कृति के अनुसार मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यतिथि का विद्यालय पहुंचने पर प्रशासक दीवानचंद रहेजा, प्राचार्य विमलेश आर्य, काउंसलर मोहिनी मेहता, विभाग प्रमुख एलेक्जेंडर दास, राजेंद्र नरूला, सुवीरा गर्ग, नीमड़ीवाली राजकीय विद्यालय की प्राचार्या अनीतानाथ ने पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर स्वागत सत्कार किया। मंच का कुशलतापूर्वक संचालन छात्रा रिया एवं हर्षित ने किया। स्वयंसेविका रिया ने ओजस्वी स्वर में कविता,बबीता द्वारा सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित प्रेरक प्रसंग, मुस्कान ने भाषण के माध्यम से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्राइमरी विंग के नन्हे- मुन्हें बच्चों द्वारा रंगारंग नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। विद्यालय प्रशासक रहेजा ने मुख्यतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सभी को उनकी उपलब्धियों से अवगत करवाया। मुख्यतिथि ज्योति मित्तल ने अपने उद्बोधन में लड़कियों को सक्षम बनने पर बल दिया। उन्होंने खासतौर पर लड़कियों को स्वयं की शक्ति को प्रमाणित करने पर बल दिया एवं दूसरों की आलोचना को अनदेखा करते हुए उनसे केवल अच्छी बातें ग्रहण करने और अपनी मिट्टी से जुड़े रहने का संदेश भी दिया। एनएसएस प्रभारी कविता तंवर ने स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा की।

# पाप कर्म से बचो, समाज को सुधारना चाहते हो तो सच्चे भक्त बनो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आज के युग में सबसे अनोखी बात ये है कि जहां भी दृष्टि डालें, वहां धार्मिक अनुष्ठान, सत्संग, दरबार, तीर्थस्थल और अनेक धर्म-कर्म के स्थान देखे जा सकते हैं, लेकिन फिर भी इस युग को घोर कलयुग माना जा रहा है। प्रभु भक्ति, संतों का ज्ञान, धार्मिक शिक्षा व उपदेश सभी डिजिटल, ऑडियो, विजुअल और प्रिंट माध्यमों के जरिए फोन पर आपके जेब में है, फिर भी मानव इतना पाप ग्रस्त क्यों है? समाज में कुरीतियां बेलगाम व धार्मिक केंद्रों पर भीड़ के बावजूद इंसानियत क्यों सिमट रही है और लोगों में ईर्ष्या, वाद-विवाद व हिंसा क्यों बढ़ रही है, उक्त सत्संग वचन राधा स्वामी दिनोद के परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने कही। वे रविवार को गांव दिनोद स्थित राधा स्वामी आश्रम में एकत्रित श्रद्धालुओं को सत्संग वचन फरमा रहे थे। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि भले ही लोग धर्म-कर्म और सत्संगों में दिखाई देते हैं, लेकिन प्रभु भक्ति के लिए सच्चे मन से आने वाले लाखों में कोई एक ही होता है। चार प्रकार के भक्त होते हैं, पहले जो सांसारिक इच्छाओं के साथ आते हैं, दूसरे जो दूसरे का नुकसान या नकारात्मक उद्देश्यों से, तीसरे जो दोनों दिशाओं में बंटे होते हैं और अंतरात्मा से शुष्क रहते हैं, वे भक्ति करते रोजाना नजर तो आते हैं पर दो मिनट भी बात करोगे तो मिलेगी-संसारिक ही। सबसे श्रेष्ठ चौथे किस्म के भक्त हैं जो सांसारिक कामनाओं को त्याग भक्ति को आते हैं, वह पाप कर्मों को नष्ट करने आते हैं। परमसंत ने फरमाया कि परमात्मा कहते हैं कि तू मेरा हो गया तो सारी दुनियां जो मेरी है, वो सारी तेरी हो जाएगी, ऐसे भक्त के लिए किसी चीज की कमी नहीं आती, इसलिए भक्ति का रास्ता बड़ा रोचक भी और कठिन भी हैं, क्योंकि भक्त को मेहनत, त्याग, तप व साधना अपनानी पड़ती है, शरीर को साधना, मन को साधना और सबसे कठिन जीवन को साधना। तन को साधना है तो इन्द्रियों को काबू करो। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि पाप कर्म से बचो, ये है जीवन को साधना, समाज को सुधारना चाहते हो तो सच्चे भक्त बनो, जो भक्ति मार्ग पर चलता है वो प्रभु को तन, मन और धन अर्पण कर देता है, तुमने तन दुनियादारी व मन इच्छाओं एवं तमन्नाओं को दे रखा है, धन से कोई नेक एवं पुण्य का काम नहीं करते, भक्ति करना चाहते हो तो तन से पाप कर्म न करो, मन से बुरा न सोचो और धन से गरीब एवं जरूरतमंद की सेवा करो।





### ऑपरेशन कैंसर स्क्रीनिंग कैंप 17 को

**भिवानी।** भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद का लैंस वाला निःशुल्क ऑपरेशन एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैंप 17 जनवरी बुधवार को सुबह साढ़े 8 बजे से श्रीकृष्ण प्रमाणी मंदिर में होगा।




